हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शनिवार 13 जुलाई 2024
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

**तापमान**

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 26.2 डिग्री

बढ़ी जनसंख्या लेकिन नहीं बढ़े संसाधन 4




# फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार

**आवेदन की अंतिम तिथि 20/07/2024**

**फायर सेफ्टी के कोर्स**
- डिप्लोमा फायर एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
- डिप्लोमा हेल्थ सेनिटरी इंस्पेक्टर
- सब-फायर ऑफिसर
- बी.एस.सी. फायर सेफ्टी



(DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: - मो.- 76972 12782 (1) पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़- 490023**

Advt.



**प्रवेश सूचना**

| | |
|---|---|
| BMLT (3 years) लैब टेक्नीशियन डिग्री | DMLT (2 years) लैब टेक्नीशियन डिप्लोमा |
| DXRT (3 years) एक्स - रे टेक्नीशियन | O.T. (1 years) ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन |
| D.Pharma (3 years) डी.फार्मा | Ophthalmic ass. (2 years) नेत्र सहायक |

साध्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस

कुनकुरी 7580834000

अम्बिकापुर 7440435000


### रतजगा करने ग्रामीण मजबूर, विभाग से नहीं मिल रही मदद
# चराईमारा के जंगल में दो माह से हाथियों का आतंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



खेत की फसल को रौंदते मतवाले हाथी।

कुनकुरी रेंज के चराईमारा जंगल में दो माह से हाथियों के आतंक से किसानों के फसल निरंतर बर्बाद हो रहा है। ग्रामीण रतजगा करने मजबूर हो रहे हैं। साथ ही हाथियों से सुरक्षा अथवा लोकेशन संबंधी जानकारी देने में असफल रहने के कारण वन अमला की लापरवाही अब भी जारी है।

दो माह से चराईमारा जंगल में हाथियों का दल डेरा जमाया है। शाम होते ही रानीकोम्बो क्षेत्र पहुंच हाथियों के द्वारा किसानों के फसलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है।इतना ही नहीं हाथियों का दल ग्रामों में पहुंच ग्रामीणों के बाउंड्री दीवालों और बाड़ियों को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है।हाथियों के आतंक से बचने ग्रामीण यहां रतजगा करने को भी मजबूर हो चुके हैं।मंगलवार,बुधवार गुरुवार को हाथियों ने शाम 4 बजते ही जंगल से निकलकर खेतों में जमकर उत्पात मचाया है। ग्रामीणों ने बताया कि हाथी प्रतिदिन धान खेत को रौंदकर बर्बाद कर रहे हैं। कई दिनों से लगातार रानीकोम्बो के झोखा बांध में हाथियों ने उत्पात मचा रहा है।हाथियों के झुंड ने यहां करीब एक दर्जन से अधिक किसानों के लगभग दर्जनों एकड़ फसल को तहस नहस कर दिया है।इस क्रम में मंगलवार की रात हाथियों ने गांव के करीब पहुंचकर एक घर के दीवार को ढहा दिया और दो ग्रामीणों की बाउंड्रीवाल तोड़ दिया। इसके बाद बाड़ी में लगे कटहल और बांस के पेड़ों को भी नुकसान पहुंचाया । ग्रामीणों का कहना है कि जिस प्रकार से हाथी उत्पात मचाते हुए फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उससे अब फसलों को बढ़ने और बचाने की कोई संभावना नहीं है। एक ग्रामीण ने बताया कि शाम 4 बजते ही हाथी चराईमारा जंगल से निकलकर सीधे खेत मे आते है और धान के लगे फसलों को नुकसान पहुंचाते है। ग्रामीणों के अनुसार लगभग 6 से 8 हाथी अलग-अलग दल में यहां भ्रमण कर रहे हैं। हाथियों द्वारा धान की फसलों को लगातार नुकसान पहुंचाए जाने से किसान काफी चिंतित है।ग्रामीण मनदयाल राम भगत,बिसुन निराला,बाजू राम भगत,कौशल भगत,शंकर भगत,लाल भगत,बुधराम भगत,सत्येंद्र निराला,एल एस प्रधान,मनीराम भगत, संजय यादव,स्टेफन लकड़ा,मनबहाल भगत, समेत कई किसानों ने बताया कि हाथियों के द्वारा प्रतिदिन धान के फसल को नुकसान पहुंचा रहा है। हाथियों के उत्पात से ग्रामीणों में भारी दहशत का माहौल है।

ग्रामीणों ने वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारियों पर लापरवाही का गंभीर आरोप लगाते हुवे कहा कि हाथियों के ग्रामों में आने संबंधी लोकेशन देने में विभाग पूरी तरफ विफल साबित हो रहा है,इतना ही नहीं विभाग के जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी हाथियों को ग्रामों में आने से रोक पाने में पूरी तरह विफल हो रहे हैं।शाम होते ही हाथियों का झुंड ग्रामों की तरफ कूच करता है जानकारी के बावजूद वन अमला अपना दायित्व सही तरीके से निभा पाने में विफल है।हाथियों से खुद को बचाने ग्रामीणों को रतजगा करने मजबूर होना पड़ रहा है।

#### हाथियों का अलग-अलग दल सक्रिय

कुनकुरी वन परिक्षेत्र में 34 हाथियों का अलग अलग दल सक्रिय है तपकारा,नारायणपुर व अन्य छेत्र में है।वनविभाग की 6 टीम हाथियों पर काम कर रहे है । शाम 5 बजे से रात टीम गस्त करती है। मुनादी भी की जा रही है ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है।नुकसान के मुआवजे का प्रकरण बनाकर जल्द से जल्द भुगतान करने का प्रयास किया जा रहा है।

#### किसान कर्ज लेकर कर रहे खेती-किसानी

इस वक्त यहां कई किसानों ने बैंकों अथवा साहुकारों से कर्ज लेकर खेती-किसानी की है। सुबह होते ही जब किसान अपने खेतों पर पहुंचते हैं तो उन्हें नुकसान का जानकारी मिलता है।नुकसान का जानकारी विधिवत ग्रामीणों द्वारा वन अमला को दिया जाता है लेकिन उन्हें इस बात का भी चिंता सताए जा रहा है कि उन्हें नुकसान का सही मुआवजा मिल पाएगा कि नहीं।किसानों का कहना है की यदि उन्हें संतोषजनक मुआवजा नहीं मिलता है तो वह कर्ज तले डूब जायेंगे।

-अभिनव केशरवानी
एसडीओ,वनविभाग,कुनकुरी

## बच्चे पढ़ रहे हैं-राज्यपाल शेखर दत्त व मुख्यमंत्री रमन सिंह



**जशपुरनगर।** जिले के बगीचा विकास खंड के एक सरकारी स्कूल में आज भी मुख्यमंत्री के रूप में डॉ.रमन सिंह के नाम की जानकारी दी जा रही है। इतना ही नहीं यहां के स्कूली बच्चे आठ साल पुराने कलेक्टर,एसडीएम सहित पुराने अधिकारियों के नाम बताते हैं।

बगीचा के खमडाड़ स्कूल में भारी अव्यवस्था के कारण अकसर यहां ताला लटका रहता है। इसी कारण निरीक्षण करने वाले शिक्षा अधिकारी भी बाहर से ही लौट जाते हैं। स्कूल भवन की दीवारों पर अंकित जरूरी जानकारी को आज तक अपडेट नहीं किया जा सका है। शिक्षा मिशन के जिला समन्वयक नरेन्द्र सिन्हा ने बताया कि बगीचा के इस स्कूल के सबंध में उन्हें शिकायत मिली है। इस सबंध में बगीचा के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को तत्काल जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। इस पाठशाला में भारी अव्यवस्था के चलते ही यहां स्कूली बच्चे भी नदारद रहते हैं। स्कूल में शिक्षकों की अनुपस्थिति के कारण वे भी जल्दी घर वापस लौट जाते हैं।

### आठ लाख रुपए के नशीले इंजेक्शन फेंक कर तस्कर फरार, पुलिस ने किया जब्त

**रामानुजनगर।** पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 8 लाख रुपए का नशीला इंजेक्शन बरामद किया है। नशीले इंजेक्शन से भरा बोरी गांव में संदिग्ध रूप से मिला है। संभावना जताई जा रही है कि तस्कर पकड़े जाने के डर से नशीला इंजेक्शन छोड़कर फरार हो गए। पुलिस फिलहाल मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत नशीला इंजेक्शन जब्त कर आरोपियों की तलाश कर रही है। बता दें कि सूरजपुर जिले में एसएसपी एमआर आहिरे के निर्देश पर नशे के कारोबार के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि ग्राम सुमेरपुर तालाब के समीप संदिग्ध रूप से दो प्लास्टिक बोरी पड़ी है और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ आई है। सूचना मिलने के बाद जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लावारिस पड़े प्लास्टिक बोरो की जांच की तो उनके भी होश उड़ गए। प्लास्टिक बोरियों में भारी मात्रा में नशीला इंजेक्शन भरा हुआ था। पुलिस ने मौके से प्रतिबंधित दवाई एविल इंजेक्शन 1480 नग व ब्यूप्रेनॉरफिन इंजेक्शन 1800 नग कुल 3280 नग नशीली इंजेक्शन बरामद किया है।

## खबर संक्षेप

### सिकल-संगवारी : डॉक्टरों ने जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण



**जशपुरनगर।** जिला चिकित्सालय में सिकल-संगवारी परियोजन के पर्यवेक्षण हेतु आज संगवारी से डॉ योगेश्वर, डॉ बैद्यनाथ और सामुदायिक चिकित्सा विभाग से डॉ आभा एक्का, डॉ नंदराज ने जिला अस्पताल का दौरा किया। डॉ. योगेश्वर ने सिकल सेल रोग के रोगियों की देखभाल के व्यावहारिक पहलुओं पर एक सत्र लिया और स्क्रीनिंग और निदान की पुष्टि, हाइड्रोक्सीयूरिया के उपयोग और संकटग्रस्त रोगियों में प्रारंभिक देखभाल पर चर्चा की। इस दौरान पीएचसी, सीएचसी और डीएच से पच्चीस डॉक्टर उपस्थित थे।

### जनहानि के मामले में 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें सन्ना तहसील अंतर्गत ग्राम डुमरकोना निवासी प्रेमसागर का नाला के पानी में डुबने से 03 फरवरी 2024 को मृत्यु हो जाने पर मृतक निकटतम वारिस मृतक के पत्नी एतवारी बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### सामान्य भविष्य निधि निराकरण शिविर 22 से

**जशपुरनगर।** कोषालय स्तर पर जिले में सामान्य भविष्य निधि के ऋणात्मक शेष के प्रकरणों में सक्रिय अथवा लाईव- निष्क्रिय खाते कि निकासी के लिये कार्यालय महालेखाकार छग रायपुर के विशेष अभियान शुरू किया गया है। इस हेतु 22 जुलाई से 24 जुलाई 2024 तक जिला कोषालय जशपुर में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला कोषालय से प्राप्त जानकारी अनुसार शिविर में संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को ऐसे कर्मचारियों के सम्पूर्ण दस्तावेज जैसे जीपीएफ पास बुक, सर्विस बुक, एजी स्लीप तथा सेवाकाल के दौरान आहरित किए गए पार्ट फाइनल की राशि से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी एवं डीपीएफ समायोजन पत्रक के साथ शिविर में उपस्थित होना होगा। कार्यालय महालेखाकार द्वारा इस कार्यालय को ऐसे कर्मचारियों की सूची उपलब्ध करायी गई है, जिनके जीपीएफ खाते में ऋणात्मक शेष परिलक्षित हो रहे हैं। इसमें कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जशपुर, सिविल सर्जन जशपुर, जनपद पंचायत कुनकुरी, मनोरा, कांसाबेल, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कांसाबेल, खण्ड चिकित्सा अधिकारी दुलदुला, बगीचा, पत्थलगांव, पुलीस अधीक कार्यालय जशपुर और हाईस्कूल बगीचा के कर्मचारी शामिल हैं।

### जिले में 01 जून से अब 199.4 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 01 जून से अब तक 199.4 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 12 जुलाई तक औसत वर्षा 297.5 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 7.6 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 153.2 मिमी, मनोरा में 278.2 मिमी, कुनकुरी में 258.1 मिमी, दुलदुला में 227.9 मिमी, फरसाबहार में 112.4 मिमी, बगीचा में 263.3 मिमी, कांसाबेल में 255.7 मिमी, पत्थलगॉव में 144.1 मिमी, सन्ना में 214.1 मिमी एवं बागबहार में 87.2 वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा बगीचा तहसील में दर्ज की गई है।

## रथयात्रा में रथनाचा स्पर्धा में शामिल कलाकार

▪ छर्राटाँगर रथपार्टी बनी विजेता..!



विजेता टीम को पुरस्कृत करते अतिथि।

**कोतबा।** ग्राम पंचायत फरसाटोली में आषाढ़ शुक्ल पक्ष पंचमी तिथि को रथ यात्रा पर रथ नाचा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रायगढ़ व जशपुर के कलाकारों ने भी भाग लिया।

छर्राटाँगर, हलदीझरिया, बैसकी मुड़ा, लुड़ेग, कोकियाखार, गाराबंधा,बनगांव,बुलडेगा, पुसरा,, सुकवास के रूप में कुल 10 रथ नाचा पार्टी शामिल हुये।सभी पार्टियों द्वारा कला प्रदर्शन गीत एवं कथा के माध्यम से भगवान श्री जगन्नाथ, माता सुभद्रा, बलराम तीनो भाई बहनों के कहानी को संगीत मय संकीर्तन किया गया ,जिसमे प्रथम पुरस्कार 11,111(ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह रुपये) नगद सरपंच लघु साय पैंकरा एवं सचिव लक्ष्मी प्रसाद नाग के तरफ से छर्रा टाँगर रथ पार्टी को प्रदान किया गया द्वितीय पुरस्कार 7,777(सात हजार सात सौ सतहत्तर रुपये)नगद अधिकारी/कर्मचारी संघ के तरफ से दिया गया एवं तृतीय पुरस्कार 3,333(तीन हज़ार तीन सौ तैंतीस रुपये) नगद गांव के सेवा निवृत्त प्रधान आरक्षक धनबोध साय पैंकरा जी के तरफ से प्रदान किया गया।

इस कार्यक्रम में क्षेत्र के डीडीसी सुश्री रत्ना पैंकरा एवं कोकिया खार बीडीसी मुरली यादव भी कार्यक्रम का आनंद लिए। इस भव्य आयोजन को करने में रथ यात्रा सेवा समिति फरसाटोली के अध्यक्ष श्री मुकेश पैंकरा बीडीसी,उपाध्यक्ष श्री खेम सागर यादव,सचिव श्री उमा शंकर पैंकरा,एवं ⏭ शेष पेज 4 पर

## जीवन झरना विकास संस्था में कार्यशाला



कार्यशाला में भाग लेती महिलाएं।

**कांसाबेल।** शुक्रवार को जीवन झरना विकास संस्था द्वारा महिला प्रकोष्ठ जशपुर के परामर्श केंद्र में 50 महिला लीडरों का जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया।

कार्यशाला में जीवन झरना विकास संस्था कांसाबेल की संचालिका सि.एनी एवं स्टाफ गण श्रम विभाग से जीडी प्रसाद, महिला प्रकोष्ठ अधिकारी आशा एवं स्टाफ गण, सखी वन स्टॉप से जेम्मा मैडम, बाल संरक्षण इकाई से नीलू मैडम,समाज कल्याण विभाग से दिव्या रानी इस कार्यशाला में उपस्थित थे। कार्यशाला में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए जीवन झरना विकास संस्था कांसाबेल की संचालिका सि.एनी के द्वारा संस्था का संशिप्त परिचय दिया तथा आज के इस कार्यशाला के क्या उद्देश्य है इससे अवगत कराते हुए कहा कि प्रशासन और गांव को एक साथ आगे लाना है और महिलाओं का क्या अधिकार है उसको जानने तथा प्रशासन के बीच जो दूरियां है उसे कम करने के लिए तथा उन तक लाभ पहुंच सके यही संस्था का काम है और महिलाओं का विकास को आगे बढ़ाने तथा समझने के लिए और मानव तस्करी रोकथाम, साइबर क्राइम को अच्छी तरह से समाप्त करने का अथक प्रयास किया जा रहा है और महिलाओं को जवाबदेही बनाने के लिए ये कार्यशाला रखा गया है उसके बाद वहां उपस्थित सभी विभागों के पदाधिकारियों के द्वारा अपने अपने विभाग से मिलने वाले योजनाओं के बारे में जानकारी दिया गया तथा घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 के बारे में बताया और नोनी सुरक्षा रथ 9479128400 जो बच्चों एवं महिला उत्पीड़न पर तुरंत सहायता ले सकते हैं और महिलाओं के द्वारा अपने साथ हो रहे हिंसा के बारे में 5 महिलाएं साझा करते हुए रिपोर्ट किये और किस तरह से पुलिस एवं सखी वन स्टॉप से सहयोग ले सकते हैं और महिलाओं को अभिव्यक्ति एप के बारे में जानकारी देते हुए 45 महिलाओं को एप डाउनलोड करा के अपना शिकायत दर्ज करा सकते हैं इस एप के माध्यम से तुरंत कार्यवाही होगी और आपातकालीन स्थिति पर महिला हेल्पलाइन नंबर 1081 का इस्तेमाल करने के लिए बताया गया तथा नया कानून महिला सुरक्षा के बारे में ⏭ शेष पेज 4 पर

### मुख्यमंत्री के आव्हान पर जिले भर में किया गया पौध रोपण
# एक पेड़ मां के नाम अभियान : 1200 अधिकारी-कर्मचारियों ने 1200 पौधे लगाए



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री के आह्वान पर पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जशपुर जिले में 12 तारीख के 12 बजे 1200 पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों ने 1200 पौधरोपण किया। पौधरोपण कार्यक्रम जिले में चलाकर एक कीर्तिमान स्थापित किया गया।

जिले के सभी थाना,चौकी क्षेत्र में वृहद पौधारोपण किया गया है। रोपे गए पौधों में फलदार एवं छायादार प्रजाति सम्मिलित है। साथ ही शरुक्रवार को बगीचा में आयोजित "एक पेड़ मां के नाम" कार्यक्रम में मुख्य रूप से जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत उपस्थित हुई। उनके साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती रायमुनी भगत ने कहा कि पेड़ व संस्कृति दोनों की रक्षा करना हमारा दायित्व है। हमारी मातृभाषा, हमारी संस्कृति और पर्यावरण की संरक्षण के लिए आगे आने वाली पीढ़ी को ध्यान रखना होगा। लोक संस्कृति में विधायक द्वारा गीत गाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य वक्ताओं ने ⏭ शेष पेज 4 पर

#### पेड़ व संस्कृति की रक्षा हमारा दायित्व

पेड़ और संस्कृति दोनों की रक्षा करना हमारा दायित्व है, हमारी मातृभाषा, हमारी संस्कृति और पर्यावरण की संरक्षण के लिये आगे आने वाली पीढ़ी को ध्यान रखना होगा।

-रायमुनि भगत,विधायक जशपुर

#### पर्यावरण संरक्षित करने पौधे लगाएं

जशपुर जिले के समस्त थाना व चौकी क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के प्रति एक पेड़ मां के नाम के तहत विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें सभी पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को पौध रोपण करने के निर्देश दिये गये हैं। समाज के लोगों से अपील है कि पर्यावरण को संरक्षित रखने हेतु अधिक से अधिक पौध रोपण करें।

-शशि मोहन सिंह, पुलिस अधिक्षक जशपुर



### मुक्ति धाम व कब्रिस्तान में पौध रोपण

**जशपुरनगर।** विकासखंड के ग्राम लोदाम में मुक्तिधाम व कब्रिस्तान में समाज के लोगों ने शुक्रवार को पौधरोपण किया। इस दौरान लोगों ने विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए। यहां हिन्दू,मुसलमान व इसाई सहित विभिन्न धर्म के लोग निवास करते हैं,लेकिन मुक्तिधाम व कब्रिस्थान में धूप से बचने की कोई व्यवस्था नहीं होने से अंतिम संस्कार में जाने वालों को धूप का सामना करना पड़ता है। आज रोपे गए पौधे बड़े होकर लोगों राहत पहुंचाएंगे। पर्यावरण कवि और पर्यावरण संरक्षक लोदाम निवासी हरिनाथ दास मानिकपुरी का हमेशा प्रयास रहा,कि अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण को सुरक्षित और संतुलित बनाया जाए। ताकि आने वाली पीढ़ी को पर्यावरण असंतुलन से दो चार हाथ न होना पड़े। इसी तारतम्य में हरिनाथ दास मानिकपुरी, राजेश्वर प्रसाद साहू, पारसनाथ जायसवाल, दिलीप जायसवाल, बंसी रामभगत, हरी गणेश, ⏭ शेष पेज 4 पर




### हाईस्कूल व चौकी परिसर में रोपे फलदार पौधे

**कोतबा।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम पर्यावरण संरक्षण एवं सवर्धन अभियान कार्यक्रम के अंतगर्त कोतबा पुलिस टीम ने शुक्रवार को हाईस्कूल कोतबा में संस्था के प्राचार्य बच्चें और जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में नीम, आम, जामुन, अमरूद सहित विभिन्न प्रकार के फलदार और छायादार पौधरोपण कर उसके सवर्धन और संरक्षण का संकल्प लिया। पौधरोपण का महत्व बताते हुए चौकी प्रभारी राकेश सिंह ने कहा कि अधिक से अधिक पौधा लगाकर हम पर्यावरण का संरक्षण और सवर्धन कर सकते हैं। जिससे आने वाली पीढ़ी को शुद्ध वायु एवं छांव और ऑक्सीजन मिल सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुये अनिवार्य रूप से हमें वनों की सुरक्षा की जिम्मेदारी खुद तय करनी चाहिए। यह अभियान अपने भीतर जगाकर ही किया जा सकता है.वर्तमान समय ⏭ शेष पेज 4 पर




### एकलव्य आदर्श विद्यालय सन्ना में पौधरोपण

**जशपुरनगर।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सन्ना में 12 जुलाई दिन शुक्रवार को एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौध रोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सन्ना के थाना प्रभारी ब्रजेश यादव थे। कार्यक्रम की शुरुवात छात्र संघ द्वारा स्वागत गीत एवं संस्था प्रमुख अनित कुमार चटर्जी एवं कर्मचारियों के द्वारा पुष्प गुच्छ एवं फलदार पौधे देकर स्वागत किया गया। बच्चों के द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पोस्टर, रंगोली, चित्रकला एवं भाषण प्रस्तुत किया गया। दोपहर 12 बजे वृक्षारोपण का काय प्रारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के तहत 100 फलदार वृक्ष जैसे नासपत्ती, पपीता, अमरुद, सीताफल, कठहल, आम एवं जामुन इत्यादि विद्यालय एवं छात्रावास परिसर में लगाया गया। संस्था के सभी कर्मचारियों एवं छात्राओं के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। मुख्य अतिथि श्री ब्रजेश यादव थाना प्रभारी सन्ना के ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### मुस्कान पहले प्रयास में बनी सीए

**रजपुरी कला।** लखनपुर निवासी मुस्कान मित्तल ने सीए में पहले ही प्रयास में टॉप करके क्षेत्र का नाम रौशन किया है। मुस्कान मित्तल आ. स्व. अनिल



मित्तल कक्षा 6वी से 12वीं तक की पढ़ाई कान्वेंट स्कूल इंग्लिश मीडियम अंबिकापुर में की। वे सीए का इंट्रेंस परीक्षा पास करके सरगुजा का नाम रोशन किया है। मुस्कान ने बताया कि आगे कि पढ़ाई रायपुर जाकर की और सीए के तैयारी के लिए लगातार उनके बहन सुरभि मित्तल का सहयोग रहा। साथ ही मामा के सहयोग से मन लगाकर पढ़ाई की। सीए बन जाने के बाद दो तीन वर्ष अभ्यास करेंगे और पूरे समर्पण के साथ सत प्रतिशत मेहनत करके आगे सेवा करेंगे।

### मारपीट के मामले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**सूरजपुर।** युवा कांग्रेस पदाधिकारियों व पत्रकार के साथ मारपीट करने को लेकर आज कांग्रेस व एनएसयूआई के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग को लेकर अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

### बच्चों ने स्कूल परिसर में किया पौधरोपण



**राजपुर।** सेंट जेवियर्स स्कूल द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने एक पेड़ मां के नाम महावृक्षारोपण अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। स्कूल के ईको क्लब के बच्चों द्वारा 50 से ज्यादा छायादार, फलदार एवं अन्य प्रकार के वृक्षों के पौधे विद्यालय परिसर में लगाए गए। पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान बच्चों में उमंग एवं उत्साह देखा गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य फा. सेबास्तियन तिग्गा ने पर्यावरण संरक्षण, उनकी महत्ता, धरती सबकी माता विषय पर प्रकाश डाला एवं बच्चों को हर साल कम से कम एक पेड़ लगाने एवं उनकी रक्षा करने के लिये प्रेरित किया। फा. मनोज लकड़ा ने हरितिमा नर्सरी से विभिन्न प्रकार के पौधों की व्यवस्था की। इस दौरान स्कूल के शिक्षक-शिक्षिका रमेश, सुशील टोप्पो, अजय बरवा, सुशील लकड़ा, अजय कुजूर, प्रभा टोप्पो, रंजिता तिग्गा, सीमा बड़ा, प्रियंका एक्का, पुष्पा एक्का एवं ईका क्लब के विद्यार्थी उपस्थित थे।

### सीढ़ी से गिरा ग्रामीण उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** घर की मरम्मत करने के दौरान ग्रामीण सीढ़ी से गिर गया। दुर्घटना में गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम बंधा निवासी जय सिंह (55 वर्ष) 7 जुलाई को घर के छप्पर का मरम्मत कर रहा था। इसी दौरान सीढ़ी से अचानक नीचे गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को सूरजपुर अस्पताल से रेफर किए जाने पर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। परिजन के पास रुपए की कमी हो जाने पर परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### नाबालिग को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**सीतापुर।** नाबालिग को शादी का झांसा देकर भगाने और दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही किशोरी को बरामद किया है। सीतापुर पुलिस के अनुसार 16 जुलाई को नाबालिग लड़की घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। खोजबीन के बाद परिजन द्वारा नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की शिकायत पुलिस से की गई। शिकायत के बाद मामले में पुलिस द्वारा आरोपी की तलाश की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने संदेही राजपुर धंधापुर निवासी 19 वर्षीय सुरेश कौशिक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने नाबालिग को शादी का झांसा देकर उसे अपने साथ ले गया और जबरन दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी को धारा 363, 366, 376 (2) (ढ), पोक्सो एक्ट की धारा 5(ठ), 6 के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

### टांगी से जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रामानुजनगर।** जमीन विवाद को लेकर टांगी से युवकों पर प्राणघात हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार रामानुजनगर थाना अंतर्गत ग्राम दुर्गापुर चारपारा निवासी बजरंग सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि गांव के ही चंद्रभान सिंह से पूर्व से जमीन विवाद चल रहा है। चंद्रभान उसकी भूमि को अपना बताकर अक्सर विवाद करता है। गत दिन विवादित भूमि पर चंद्रभान ट्रैक्टर से जुताई करा रहा था। इसी दौरान भाई सूरज सिंह व मनोज सिंह मौके पर पहुंचे और जुताई करने से मना किया तो चंद्रभान ने दोनों पर टांगी से जानलेवा हमला कर दिय। मारपीट से दोनों घायल हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 109 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी को गांव से ही गिरफ्तार कर लिया।

---

### कांग्रेस ने कहा सत्ताधारी दल के कार्यालय से आए प्रस्ताव पर लगाया गया सील मोहर

# नए परिसीमन में विसंगतियां: कलेक्टर आवास निर्माणाधीन ननि प्रशासनिक भवन शामिल नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- कांग्रेस कार्यालय में पार्षद व पदाधिकारियों की बैठक

नगर निगम में परिसीमन को लेकर कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। इस दौरान विसंगतिपूर्ण परिसीमन को लेकर कांग्रेस ने गंभीर आरोप लगाए है। कांग्रेस का आरोप है कि अधिकारीयों ने ऐसा विसंगतिपूर्ण परिसीमन किया है कि उसमें कलेक्टर सरगुजा का निवास क्षेत्र और निगम का निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन किसी वार्ड का ही हिस्सा नहीं है। इधर परिसीमन को लेकर शुरू हुए विरोध के बाद कलेक्टर ने परिसीमन प्रकाशन के बाद पुनः परिसीमन की तिथि 12 जुलाई तक बढ़ा दी है। गुरुवार को जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में आयोजित बैठक के दौरान सभापति अजय अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ में सर्वाधिक विसंगतीपूर्ण परिसीमन अम्बिकापुर में किया गया है। शहर के किसी भी नागरिक ने निगम के किसी भी सर्वेक्षक द्वारा वार्डों का सर्वे करते या पंचनामा बनाते नहीं देखा है। लगता है कि सत्ताधारी दल के कार्यालय से परिसीमन को लेकर जो प्रस्ताव आया है उसे निगम प्रशासन ने बंद कमरे में सील-मोहर लगाकर स्वीकृति दे दी है। शहर के आबादी के अनुसार वार्डो की आबादी 2610 लोगों की होनी चाहिए किन्तु वार्डों की सीमाओं को बदलने, वार्डों में क्षेत्रों के जोड़ने और हटाने के बावजूद आबादी के कॉलम को यथावत रखा गया जो आश्चर्यजनक है। एमआईसी सदस्य शफी अहमद ने कहा कि परिसीमन से नहीं बल्कि परिसीमन के कारण शहर के नागरिकों के लिए उत्पन्न होने वाली समस्याओं को लेकर हैरान परेशान हैं। परिसीमन से प्रभावित नागरिकों के पते में अब वार्ड का नंबर बदल जाएगा जिससे उन्हें प्रशासनिक कार्यकलाप में दिक्कत होगी। पासपोर्ट धारकों को तो पता बदलवाने में भारी समस्याओं का सामना करना पडेगा। परिसीमन से प्रभावित लोगों को अब नये मतदान केंद्रों में मतदान हेतु जाना पडेगा। कुल मिलाकर भाजपा अम्बिकापुर शहर में अपनी जीत की संभावनाओं के प्रयास में शहरवासियों को समस्याओं में धकेल रही है। जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी 15 जुलाई को निगम क्षेत्र के सभी 48 वार्डों के विसंगतिपूर्ण परिसीमन को लेकर एकमुश्त आपत्ती कलेक्टर को सौपेगी। कांग्रेस पार्षद व कार्यकर्ता अपनी आपत्ति 13 जुलाई तक जिला कांग्रेस के पास जमा कराएं। इसके अतिरिक्त पार्षद स्वतंत्र रूप से भी आपत्ति दर्ज करा सकते है। वहीं उन्होंने पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव द्वारा दिए गए सन्देश की जानकारी दी कि कांग्रेस जल्द ही वार्ड कमेटियों का गठन करेगी। कांग्रेस पूरी ताकत से चुनाव लड़ने वाली है। विसंगतिपूर्ण वार्ड परिसीमन कर भाजपा इस चुनाव को जीतने का प्रयास कर रही है लेकिन हम उन्हें बडे अंतर से हरायेंगे। बैठक को बालकृष्ण पाठक, पीसीसी उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव, जिपं अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह, मो. इस्लाम, दुर्गेश गुप्ता, सीमा सोनी, विकल झा ने भी संबोधित किया।



बैठक को संबोाित करते एमआईसी सदस्य।

#### पहले गौरी वार्ड में था कलेक्टर आवास

बैठक के दौरान एमआईसी सदस्य द्वितेन्द्र मिश्रा ने कहा कि नया परिसीमन अनोखा है। इस परिसीमन में तो कलेक्टर सरगुजा के निवास का क्षेत्र और निगम का निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन किसी वार्ड का ही हिस्सा नहीं है। उन्होंने कहा कि इस विसंगतिपूर्ण परिसीमन से नागरिकों को होने वाली असुविधा से बचाने के लिए कांग्रेस उच्च न्यायालय तक जायेगी। बताया जा रहा है कि पहले कलेक्टर आवास गौरी वार्ड में था। अब गौरी वार्ड क्रमांक 29 पुलिस लाइन शंकर मंदिर से प्रारम्भ होकर सुधाकर सिंह के घरसे राज अवस्थी के घर होते हुए पुराना डीईओ ऑफिस होते हुए रिंग रोड से स्व. संजय मिश्रा के घर तक। स्व. संजय मिश्रा के घर से प्रारंभ होकर सुभाष कान्वेंट स्कूल होते हुए अलका इंडस्ट्रीज तक। अल्का इंडस्ट्रीज से राजेश किराना से स्कूल रोड गुरुनानक चौक से शिवजी चौक तक। शिवाजी चौक से प्रारंभ होकर हरमिंदर सिंह टिन्नी का घर होते हुए संतोष सिंह अधिवक्ता के घर के सामने से होते हुए होमगार्ड के कोने से शासकीय आवास होते हुए पुलिस लाइन शंकर मंदिर तक निर्धारित है। इसमें कलेक्टर का आवास शामिल ही नहीं हो रहा है।

#### विरोध के बाद बढ़ी तिथि

विरोध व असंतोष के बीच परिसीमन की तिथि में वृद्धि कर दी गई है। कांग्रेस द्वारा लगातार लगाए जा रहे आरोप के बाद नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2024-25 हेतु वार्डों के परिसीमन के सम्बन्ध में समय में वृद्धि की गई है। 12 जुलाई तक नगर पालिक/नगर पालिका (वार्डों का विस्तार) नियम 1994 के नियम 6 के तहत सीमा निर्धारण सम्बन्धी प्रस्ताव तैयार किया जाना है। जिसके पश्चात 15 जुलाई से 22 जुलाई तक नगर पालिक/नगर पालिका (वार्डों का विस्तार) नियम 1994 के नियम 7 के तहत वार्डों की सीमा निर्धारण संबंधी निर्धारित प्रपत्र में प्रारंभिक प्रकाशन कर आपत्ति एवं सुझाव को आमंत्रित किए जाने हैं। 25 जुलाई तक नियम 8 के तहत जिला कलेक्टर के द्वारा नियत अवधि में नागरिकों से प्राप्त आपत्ति, सुझाव एवं उन पर अपना अभिमत सहित संपूर्ण प्रस्ताव राज्य शासन का प्रेषित किया जाएगा।

---

## प्रेमी जोड़े ने फांसी लगाकर की आत्महत्या संदिग्ध परिस्थियों में फांसी पर मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- महिला की लाश मिली अर्धनग्न अवस्था में, जांच में जुटी पुलिस

प्रेमी जोड़े का संदिग्ध परिस्थियों में फांसी पर लटका शव बरामद किया गया है। मृतक मृतिका शादी शुदा थे और घर से भागकर अलग रहते थे। एक सप्ताह पूर्व ही दोनों वापस अपने गांव लौटे थे और बुधवार को दोनों का शव ढोढ़ी किनारे पाया गया। इस घटना के बाद पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शवों को परिजन के सुपुर्द कर दिया है। इसके साथ ही घटना की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि मूलतः जशपुर जिले के फरसाबहार तुमला अंकिरा निवासी 26 वर्षीय मंजू चौहान आ. धनीराम चौहान का विवाह 29 अप्रैल 2018 को कांसाबेल बरजोर में हुआ था।

महिला का एक पांच वर्ष पुत्र है। महिला अपने ससुराल में ही गेंदाफूल की खेती करती थी और गेंदाफूल की सप्लाई प्रदेश के साथ ही उड़ीसा तक करती थी। इसी दौरान उसकी पहचान सीतापुर गेरसा निवासी 35 वर्षीय जयभान चौहान आ. बिहारु चौहान से हुई। जयभान चौहान भी शादी शुदा है और उसके पहले से दो बच्चे है। व्यवसाय के दौरान जयभान और मंजू चौहान के बीच प्रेम संबंध स्थापित हो गया और एक वर्ष पूर्व दीपावली के समय दोनों अपने अपने परिवार को छोड़कर साथ भाग गए थे और अपना जीवन यापन कर रहे थे। इसी बीच लगभग एक सप्ताह पूर्व जयभान चौहान अपनी दूसरी पत्नी मंजू चौहान को लेकर वापस गांव लौटा था और अपनी पहली पत्नी व बच्चों के साथ घर में रह रहा था।

इस बीच जयभान की पहली पत्नी मां की तबियत खराब होने पर अपने गांव पेट गई हुई थी। बताया जा रहा है कि मंगलवार को जयभान और मंजू घर से आधा किमी दूर स्थित ढोढ़ी में नहाने के लिए गए हुए थे लेकिन उसके बाद दोनों वापस नहीं लौटे। बुधवार की सुबह दोनों का शव ढोढ़ी किनारे ही पेड़ से लटका मिला। इस दौरान मृतिका की लाश अर्धनग्न अवस्था में थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची जिसके बाद मृतकों की पहचान जयभान व मंजू चौहान के रूप में की गई। पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर युवक के शव को परिजन के सुपुर्द कर दिया लेकिन घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे मृतिका के परिजन ने लाश लेने से इनकार कर दिया। परिजन ने मंजू चौहान व जयभान की हत्या का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया और पुनः पीएम कराने की मांग की। हालांकि पुलिस ने आज परिजन को समझाकर लाश सौंप दिया सौंप दिया जिसके बाद आज गांव में दोनों का अंतिम संस्कार किया गया। फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच कर रही है।

## पांच वर्ष की बच्ची से छेड़छाड़, आरोपी को पांच वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- दो वर्ष पूर्व की घटना, कोर्ट ने सुनवाई के बाद सुनाई सजा

पांच साल की बच्ची से छेड़छाड़ व अश्लील हरकत करने वाले आरोपी युवक को कोर्ट ने सजा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट कमलेश जगदल्ला ने आरोपी युवक को अलग अलग धाराओं के तहत अधिकतम पांच वर्ष के सश्रम कारावास की सजा दी है। न्यायलयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 5 जुलाई 2022 को दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम पतराटोली सलका निवासी 25 वर्षीय राजधानी गुप्ता आ. स्व. किशुन गुप्ता के घर खेलने के लिए गई हुई थी। इस दौरान आरोपी युवक ने बच्ची के अकेले होने का फायदा उठाकर उसे पकड़ लिया और उसके साथ छेड़छाड़ व अश्लील हरकत की। घटना के बाद डरी सहमी बच्ची वापस घर लौट आई। बच्ची घर पर रो रही थी ऐसे में जब मां ने बच्ची से रोने का कारण पूछा तो बच्ची ने अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलने पर माता पिता ने थाने पहुंचकर 9 जुलाई को घटना की शिकायत की थी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी राजधानी गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में गुरुवार को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट कमलेश जगदल्ला के कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान शासन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक राकेश कुमार सिन्हा ने पैरवी की और आरोपी को कठोर सजा देने की मांग की। न्यायाधीश ने सुनवाई के बाद आरोपी को दोषी मानते हुए सजा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्री जगदल्ला ने आरोपी राजधानी गुप्ता को आईपीसी की धारा 354, धारा 7, 8 एवं 9 (ड)/10 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के तहत क्रमशः 3 वर्ष व 5-5 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। वहीं आरोपी पर 500, व 1-1 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया है व अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर 6-6 माह के अतिरिक्त सश्रम कारावास का आदेश दिया है। वहीं कोर्ट ने बच्ची को क्षतिपूर्ति योजना के तहत 1 लाख रुपए की राशि प्रदान करने की अनुशंसा की है।

---

## विद्युत केबल चोरी होने से डोढगापारा में दो माह से अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



सीमा विवाद का दंश पिछले दो महीने से ग्राम पंचायत कुम्दाबस्ती के डोढगापारा के लोगों को ढिबरी युग में जीवन यापन करके भुगतना पड़ रहा है। सुरजपुर व बिश्रामपुर विद्युत वितरण केंद्र के अधिकारियों द्वारा एक दूसरे को जिम्मेदार बताकर चोरी गए विद्युत केबल की बजाय नई केबल नहीं बिछाए जाने से विद्युत आपूर्ति दो महीने से गांव में बंद पड़ी हुई है, गांव में अंधेरे की वजह से आमजन को खासी परेशानी का सामना करने विवश होना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत कुम्दाबस्ती के डोढगापारा में करीब दो महीने पूर्व अज्ञात चोरों द्वारा करीब सौ मीटर विद्युत केबल की चोरी कर लिया गया है। जिस वजह से गांव के करीब 15-20 घरों के लोगों को ढिबरी युग में जीवन यापन करने विवश होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त गंभीर समस्या की ओर कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया, बावजूद इसके आज तक अधिकारियों द्वारा आमजन की उक्त गंभीर समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उक्त मोहल्ले में दो महीने से विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से लोगों को जहां एक ओर कृषि कार्य हेतु प्रभावित होना पड़ रहा है वहीं दूसरी ओर बच्चों की पढ़ाई भी पूरी तरह प्रभावित हो रही है। साथ ही रात के अंधेरे में जहरीले सांप, बिच्छू के भी घरों में प्रवेश करने का भय ग्रामीणों के मन में बना रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर जब केबल चोरी की वजह से अंधेरा व्याप्त होने की सूचना बिश्रामपुर के विभागीय अधिकारियों को दी गई तब पहले अधिकारियों द्वारा कहा गया कि मुहल्ले में कनेक्शन बहुत कम है। इसके पश्चात ग्रामीणों द्वारा मुहल्ले के लोगों से जब कनेक्शन हेतु आवेदन पत्र विभाग में जमा कराया गया तो अब यह जवाब दिया जा रहा है कि उक्त क्षेत्र सुरजपुर विद्युत वितरण केंद्र अंतर्गत आता है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि वास्तविकता यह है कि यहां पर खंभा, तार, कनेक्शन सब बिश्रामपुर विद्युत वितरण केंद्र के अधीन है, यहां पर केवल विद्युत कनेक्शन सूरजपुर वाले पोल से लिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि कुंभकर्णीय नींद सो रहे विभागीय अधिकारियों द्वारा जल्द ही व्यवस्था सुदृढ़ करके आमजन को विद्युत व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## मुस्लिम समाज का मातमी पर्व मोहर्रम 17 को

**अंबिकापुर।** मुस्लिम समाज का मातमी पर्व मोहर्रम सद्भावना पूर्वक मनाया जाएगा। अंजुमन कमेटी के सदर इरफान सिद्दीकी व नायब सदर अफजाल अंसारी ने बताया कि इमाम हसन हुसैन की याद में मोहर्रम का पर्व 7 से 17 जुलाई तक मनाया जाएगा। इस दौरान शहर सहित जिलेभर के सभी चौकों पर फातिहाखानी की जाएगी। मोहर्रम के अवसर पर 14 जुलाई को कर्बला में फातिहाखानी का आयोजन होगा जबकि 15 जुलाई को छोटी चौकी के दिन सभी चौकों पर फातिहखानी व लंगर होगा। 16 जुलाई को बड़ी चौकी व 17 जुलाई को पहलाम के दिन फातिहाखानी व लंगर सहित अन्य आयोजन होंगे।

---

## आंगनबाड़ी केंद्र के एक कमरे में पढ़ाई कर रहे 41 बच्चे

- राशि स्वीकृत होने के बाद भी नहीं बना भवन

**लखनपुर।** शासन द्वारा स्कूल भवन के लिए राशि जारी हुई लेकिन टेंडर होने के बाद काम शुरू नहीं हुआ। ठेकेदार द्वारा काम शुरू नहीं करने पर राशि वापस हो गई और अब 41 बच्चे आंगनबाड़ी भवन के एक कमरे में बैठकर पढ़ाई करने को मजबुर है। तीन शिक्षक छोटे से कमरे में बच्चों को पढ़ा रहे है। ऐसे में बच्चों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ताजा मामला सामने आया है विकासखंड अंतर्गत ग्राम चांदो के आश्रित ग्राम सोयदा में संचालित प्राथमिक शाला सोयादा का। प्राथमिक शाला का संचालन वर्तमान में आंगनबाड़ी के भवन में किया जा रहा है। इस स्कूल में कुल 41 बच्चे पंजीकृत है और प्राथमिक शाला के लिए तीन शिक्षक पदस्त है। स्कूल का अपना भवन नहीं होने के कारण बच्चे एक कमरे में बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर है जबकि इस स्कूल के नाम पर भवन निर्माण की स्वीकृति मिली थी और राशि भी स्वीकृत हो गई थी। बताया जा रहा है कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा स्कूल भवन निर्माण के लिए राशि जारी की गई और फिर निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया भी पूर्ण कर ली गई। स्कूल भवन निर्माण के नाम पर पुराने जर्जर स्कूल भवन को तोड़ दिया गया लेकिन टेंडर होने के बाद भी ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं कराया गया बाद में राशि वापस चली गई और अब बच्चों का भविष्य अधर में लटक गया है। 41 बच्चे एक छोटे से कमरे में बैठकर पढ़ाई कर रहे है। शिक्षकों का कहना है कि कमरा छोटा होने के कारण कई बार बच्चों को भवन के बाहर खुले आसमान के नीचे बैठाकर पढ़ाना पड़ता है तो कभी शिक्षकों के बैठने वाले टेबल कुर्सी को हटाकर बच्चों को पढ़ाना पद रहा है। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। आंगनबाड़ी भवन में संचालित हो रहे स्कूल की जानकारी उच्च अधिकारियों को कई बार दी गई लेकिन अब तक भवन निर्माण का कार्य नहीं हो पाया। इस संबंध में बीईओ प्रदीप राय ने बताया कि शासन स्तर स्कूल जतन योजना के तहत भवन स्वीकृत किया गया था लेकिन निर्माण कार्य शुरू नहीं होने कारण टेंडर निरस्त कर दिया गया कर दिया गया। स्कूल निर्माण एवं देखरेख में शिक्षा विभाग का कोई भूमिका नहीं रहती।



## समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाएं नए कानून की जानकारी : एसपी

**सूरजपुर।** देशभर में 3 नए आपराधिक कानून अमल में आ चुके है। इन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन, विभिन्न पहलुओं से अवगत कराने एवं जन-जन तक नए कानूनों की जानकारी पहुंचाने के लिए व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार को लेकर कलेक्टर रोहित ब्यास, पुलिस अधीक्षक एमआर.आहिरे द्वारा आज पत्रकारों को नए कानून के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए इस विषय पर चर्चा की। कलेक्टर रोहित ब्यास ने कहा कि 1 जुलाई से नवीन तीनों कानून के तहत कार्य किए जा रहे है। पुराने कानून की जगह अब नए कानून लागू हो चुका है उसकी जानकारी समस्त लोगों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। आज अधिक संख्या में लोग सोशल मीडिया, समाचार पत्रों को पढ़कर जागरूक हो रहे है। पुलिस अधीक्षक एमआर आहिरे ने नए कानून के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नए कानूनों में ऐसे बहुत से प्रावधान हैं जो पुलिस को पहले से ज्यादा ताकतवर बनाते हैं। पुलिस अब आरोपी को 90 दिन तक हिरासत में रख सकती है पहले ये अवधि 15 दिन थी। पुलिस का प्रमुख काम अपराध होने से पहले ही रोकना और कानून व्यवस्था बनाए रखना है। बीएनएसएस के चैप्टर 13 के सेक्शन 173 में प्रावधान है कि पुलिस अधिकारी को किसी संगीन मामले की शिकायत मिलने पर प्रथम सूचना पत्र लिखने से पहले अपने सीनियर ऑफिसर से अनुमति लेकर 14 दिन की प्राथमिक जांच करनी होगी। यानी पुलिस अधिकारी को 14 दिन का समय मिलेगा, जिसमें वो तय करेगा कि मामले में प्रथम दृष्टया केस बनता है या नहीं। प्रत्येक दिवस पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए लोगों की जानकारी सभी थाना-चौकी व पुलिस कंट्रोल रूम के नोटिस बोर्ड में चस्पा किए जाने के बारे में बताया। उन्होंने नवीन तीनों कानून के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराते हुए कहा कि समाज के सभी वर्गों तक नए कानून की जानकारी पहुंचाने में सहयोग करें। एएसपी संतोष महतो ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत जांच के दौरान पुलिस किसी भी आरोपी को उसके डिजिटल डिवाइस दिखाने और उन्हें सौंपने के लिए बाध्य कर सकती है। नए कानूनों में इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल डिवाइस यानी मोबाइल, स्मार्टफोन, लैपटॉप आदि को सबूत के तौर पर परिभाषित किया गया है। एसडीओपी नंदिनी ठाकुर ने नए कानून के तहत जांच करने की शक्ति के बारे में बताया और कहा कि पुलिस को किसी मामले की जांच करने का अधिकार प्राप्त है। पुलिस मामले से जुड़े सबूतों, बयानों और वस्तुओं को भी इकट्ठा कर सकती है। साथ ही न्यायालय पुलिस को मामले की जांच करने के लिए आदेशित कर सकती हैं। इस दौरान सीएसपी एसएस पैंकरा, एसडीओपी नरेन्द्र सिंह पुजारी, अरूण नेताम, डीएसपी अजाक पीडी कुजूर, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप मौजूद रहे।



---

## पौधरोपण एवं प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा हमारा मौलिक कर्तव्य : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- एसपी ने कहा-पौध रोपण करना स्वस्थ पर्यावरण के लिए बेहद आवश्यक

जिला मुख्यालय में स्थित शिव पार्क में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन वन विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर रोहित व्यास एवं पुलिस अधीक्षक एमआर अहिरे द्वारा पौधा रोपण किया गया।


इस अवसर पर कलेक्टर श्री व्यास ने कहा कि पौध रोपण एवं प्राकृतिक पर्यावरण वन, वन्यजीव, झील, नदी इत्यादि की रक्षा को संविधान में देश की जनता के मौलिक कर्तव्य के रूप में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि हम सभी को पौधारोपण एवं पर्यावरण की रक्षा करने के हर संभव उपाय करना चाहिए। पृथ्वी के पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए वृक्षों का होना आवश्यक है। इसके लिए सभी लोगों को ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी अपनी माता के साथ या माता के नाम पर या माता को श्रद्धांजलि देते हुए कम से कम एक पेड़ तो अवश्य लगाएं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अहीरे ने कहा कि पौध रोपण करना स्वस्थ पर्यावरण के लिए बेहद आवश्यक है। इससे न केवल पर्यावरण की वायु शुद्ध होती है बल्कि वन्य जीव जंतुओं को आवास भी मिलता है। उन्होंने कहा कि जिस गति से जंगल का विनाश हो रहा है उस गति से पौध रोपण नहीं किया जा रहा है। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष केके अग्रवाल, सूनिल अग्रवाल, प्रवेश गोयल सहित जिले के अन्य जनप्रतिनिधि तथा वनविभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



#### स्काउट गाइड के छात्रों ने किया पौधरोपण



**प्रतापपुर।** एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत आज विश्व जनसंख्या नियंत्रण दिवस के अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छीर महुआ संकुल केंद्र डांडकरवा परिसर में रोवर लीडर विनय कुमार तिवारी के नेतृत्व में स्काउट गाइड के छात्रों द्वारा बरगद, पीपल, नीम, आम, अमरूद, कटहल, मुनगा आदि विभिन्न प्रजाति के छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया। साथ ही सभी द्वारा पौधे की सुरक्षा का शपथ लिया गया।पौधो की सुरक्षा हेतु ईट से घेराव किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रधान पाठक अशोक कुमार गुप्ता, प्रधान पाठक अशोक कुमार गुप्ता, शिक्षक कुबेर राठिया सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।




# कल रिलीज होगा 'सारिपोधा सानिवारम' का दूसरा गाना

**मुंबई।** 'गैंग लीडर' फिल्म में साथ काम कर चुके नानी और प्रियंका मोहन एक बार फिर से परदे पर साथ-साथ दिखाई देंगे। दोनों अपनी नई फिल्म 'सारिपोधा सानिवारम' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म की घोषणा के बाद से ही आए दिन इससे जुड़ा कोई ने कोई अपडेट सामने आ रहा है। इसी सिलसिले में अब एक और ताजा जानकारी सामने आ रही है, जो फिल्म के गाने से जुड़ी हुई है। 'सारिपोधा सानिवारम' के निर्माताओं ने फिल्म के दूसरे गाने का ऐलान कर दिया है। इस गाने का नाम 'उल्लासम' है। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए बताया कि 'उल्लासम' को 13 जुलाई को रिलीज किया जाएगा। गाने में नानी और प्रियंका मोहन दिखाई देंगे।

## लाइफ Style

# माधुरी सुनील गावस्कर के लिए दीवानी थीं

शर्मिला टैगोर से लेकर अनुष्का शर्मा तक कई बॉलीवुड एक्ट्रेसेस हैं, जिन्होंने टीम इंडिया के क्रिकेटर्स को जीवनसाथी चुना। लेकिन ऐसा नहीं है कि इनके अलावा किसी एक्ट्रेस को क्रिकेटर पर क्रश या प्यार ना हुआ हो। हम बात कर रहे हैं माधुरी दीक्षित की।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

क्रिकेटर अजय जड़ेजा के साथ रिलेशनशिप की खबरें तो खूब आईं। लेकिन एक्ट्रेस को जिन पर क्रश था और उनके पीछे भागना चाहती थीं। यहां तक कि उनके सपने में भी वह आते थे। वह तो कोई और ही थे। जी हां वह क्रिकेटर थे सुनील गावस्कर। सुनील गावस्कर वह क्रिकेटर हैं, जिन्होंने टीम इंडिया की कप्तानी भी की है। 10 जुलाई 1949 में जन्मे सुनील क्रिकेट के इतिहास में सबसे बेहतरीन ओपनिंग बल्लेबाजों में से एक हैं। वे कपिल देव की अगुआई वाली टीम का हिस्सा भी थे, जिसने लंदन के लॉर्ड्स में 1983 का विश्व कप जीतकर इतिहास रच दिया था। 15 मई 1967 में जन्मी माधुरी दीक्षित से सुनील गावस्कर 18 साल बड़े हैं। हालांकि क्रश तो क्रश होता है। 90 के दशक में फैंस के दिलों पर राज करने वाली एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित ने 1992 में इंडिया टुडे मैग्जीन को दिए एक इंटरव्यू में कहा था, मैं सुनील गावस्कर के लिए दीवानी हूं। वह बहुत सेक्सी हैं। मैं उनके पीछे भागना चाहती हूं और वह मेरे सपने में आते हैं। यह जब इंटरव्यू लिया गया तो एक्ट्रेस 25 साल की थीं और क्रिकेटर 43 साल के थे। इस किससे के अलावा एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें सुनील गावस्कर को स्टूडियों में माधुरी दीक्षित को बॉल डालते हुए देखा जा सकता है।



## हॉलीवुड मसाला




# जस्टिन से फैंस हुए खफा

**मुंबई।** मुकेश अंबानी के बेटे की शादी में जस्टिन बीबर की परफॉर्मेंस ने आक्रोश फैला दिया है। उनके कॉन्सर्ट के लिए नहीं, बल्कि भारी कीमत के लिए। यह बात सामने आने के बाद कि उन्होंने एक भारतीय अरबपति के बेटे की शादी से पहले के जश्न में एक शो के लिए भारी भरकम रकम कमाई है, फैंस गुस्से में हैं। पहले से ही अपनी भव्यता के लिए आलोचना झेल रहे जस्टिन बीबर के फैंस ने परफॉर्मेंस को 'बेस्वाद' करार दे दिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह बताया गया है कि जस्टिन बीबर ने 10 मिलियन डॉलर यानी लगभग 85 करोड़ की भारी कमाई की है।




# अनंत-राधिका की शादी में आएंगी किम कार्दशियन...

**मुंबई।** राधिका मर्चेंट और अनंत अंबानी इस वीकेंड शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। शादी में दुनियाभर से कई मेहमान आ रहे हैं और सबको लेकर चर्चा बनी हुई है। अब उन विदेशी मेहमानों की एक लिस्ट सामने आई है, जो शादी में शामिल होंगे, जो मुंबई के बांद्रा कुर्ला सेंटर (बीकेसी) में जियो वर्ल्ड सेंटर में आयोजित किया जाएगा। शादी में हॉलीवुड सिंगर किम कार्दशियन और ख्लोए कार्दशियन मेहमान होंगी। पीटर डायमेंडिस, जेफ कून्स और जे शेट्टी भी शादी में शामिल होंगे। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और टोनी ब्लेयर, पूर्व अमेरिकी विदेश मंत्री जॉन केरी, पूर्व स्वीडिश प्रधानमंत्री कार्ल बिल्ड्ट और पूर्व कनाडाई प्रधानमंत्री स्टीफन हार्पर भी शादी में आएंगे। अनंत की मां नीता अंबानी को शादी से पहले के इवेंट्स को कवर करने के लिए पपाराजी को धन्यवाद देते देखा जा सकता है।



# पेरिस में एंजॉय करती दिखीं थडानी...

**मुंबई।** राशा थडानी पेरिस में खुले आसमान के नीचे धूप और बादलों का नजारा एंजॉय करती हुई दिखाई दे रही हैं। रवीना टंडन की लाडली बेटी राशा थडानी इन दिनों पेरिस में वेकेशन का फुल मजा लेते हुए अपनी फोटोज फैंस के साथ शेयर करती हुई नजर आ रही हैं। फोटोज में राशा थडानी एक टेरेस पर खड़े होकर जमकर पोज देती नजर आ रही हैं। बात अगर राशा थडानी के लुक की करें तो वो ब्लैक टॉप और डेनिम जींस में बेहद ग्लैमरस लग रहीं हैं। मिनिमल मेकअप और खुले बिखरे बालों में राशा थडानी इस दौरान काफी क्यूट लग रहीं हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए राशा थडानी ने इन्हें कैप्शन दिया - हवा में जादू। इन तस्वीरों पर उनके फैंस - सो प्रिटी, ब्यूटीफुल, गॉर्जियस, क्लासी शॉट्स और ब्यूटी इन ब्लैक जैसे कमेंट्स करते नजर आ रहे हैं।



# टुनटुन को 58 साल बाद भी नहीं भुला पाए

**नई दिल्ली।** सुपरस्टार धर्मेंद्र, जिन्होंने 1960 में दिल भी तेरा हम भी तेरे से एक्टिंग डेब्यू किया था। वह 60s से फैंस के दिलों की धड़कन हैं। उन्होंने शोले, धर्मवीर, लोहा, हुकुमत, मेरा गांव मेरा देश और आंखें जैसी फिल्मों में काम किया।वहीं हेमा मालिनी से लेकर रेखा तक उनकी हीरोइनें रहीं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि 88 वर्षीय धर्मेंद्र की फेवरेट एक्ट्रेस कौन हैं, जिन्हें 58 साल बाद भी धरम पाजी नहीं भुला पाए और उन्हें फेवरेट कहते हैं। यह एक्ट्रेस और कोई नहीं, बल्कि एक्ट्रेस उमा देवी हैं, जो कि टुन टुन के नाम से मशहूर हैं। दरअसल, द कपिल शर्मा कॉमेडी शो के मंच पर सुपरस्टार धर्मेंद्र से जब पूछा गया कि उनकी फेवरेट एक्ट्रेस कौन हैं। तब सनी देओल, बॉबी देओल भी उनकी तरफ बड़े अचरज से देखने लगे कि वो किस एक्ट्रेस का नाम लेते हैं।

## टीवी मसाला

# घर से बेघर होते ही मुनीशा खटवानी ने खोले कई राज

**नई दिल्ली।** विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी 3' धमाकेदार तरीके से आगे बढ़ रहा है। अनिल कपूर के जरिए होस्ट किए जाने वाले इस शो में आए दिन किसी न किसी प्रतियोगी के बीच जुबानी जंग देखने को मिल रही है। साथ ही महज दो सप्ताह के भीतर ही इसमें हिंसा की वारदात भी देखी जा चुकी है। एक के बाद एक प्रतियोगी शो से बाहर हो रहे हैं। इसमें ताजा नाम टैरो कार्ड रिडर और अभिनेत्री मुनीशा खटवानी का है। घरवालों ने सना सुल्तान और मुनीषा में से सना को सुरक्षित किया, जिसकी वजह से मुनीशा घर से बेघर हो गईं। वहीं, बाहर आते ही मुनीशा ने कई दिलचस्प खुलासे किए हैं। साथ ही कुछ प्रतियोगियों को बेनकाब करती भी नजर आई हैं। मुनीशा खटवानी से सवाल पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि वह बाहरवाले की वजह से एविक्ट हुई हैं? तो इस पर टैरो कार्ड रीडर ने कहा कि नहीं मैं घरवालों के वोटों की कमी के कारण बेघर हुई हूं। मुझे बाहर आते ही इस बात का पता चल गया कि बाहरवाला मेरा भाई लवकेश है और अगर उसके हाथ में होता तो वह मुझे जरूर बचाता।



# मुश्किलों में 'डांस इंडिया डांस' सीजन एक के फाइनलिस्ट...

**मुंबई।** रियलिटी शो 'डांस इंडिया डांस' सीजन एक के फाइनलिस्ट जय कुमार नायर मुश्किलों में फंसते नजर आए हैं। मुंबई पुलिस ने नायर के खिलाफ क्रिप्टोकरेंसी पर उच्च रिटर्न के बहाने एक महिला से 20 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया है। ओशिवारा पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने कहा कि इस संबंध में शिकायत दीप्ति असीजा ने दर्ज कराई थी, जो नकली आभूषणों का कारोबार करती हैं। असीजा अपने एक कॉमन फ्रेंड के जरिए नायर के संपर्क में आईं। नवंबर 2022 में असीजा ने उन्हें छह लाख रुपए और फिर दो बार में कुल 14 लाख रुपए दिए। उन्होंने कहा, 'नायर ने उन्हें उनके निवेश पर अच्छा रिटर्न देने का आश्वासन दिया था।' हालांकि, उन्होंने असीजा को केवल शुरुआती 11 महीनों के लिए मासिक रिटर्न का भुगतान किया। वहीं, दिसंबर 2023 से उन्होंने पैसा देना बंद कर दिया।



# तौबा-तौबा गाने पर सितारों की उतारी लाजवाब नकल

**नई दिल्ली।** जॉनी लीवर को अपनी कॉमेडी के साथ ही सितारों की नकल उतारने के लिए भी पहचाना जाता है। लेकिन उनकी बेटी जैमी लीवर भी पापा से किसी मामले में पीछे नहीं हैं। वे अकसर सितारों की एक्टिंग करती हैं और उनके ये वीडियो सोशल मीडिया पर खूब देखे भी जाते हैं। विक्की कौशल की फिल्म बैड न्यूज रिलीज होने के लिए तैयार है। विक्की कौशल इन दिनों फिल्म के प्रमोशन में बिजी हैं। वो प्रमोशन के दौरान तौबा- तौबा गाने का हुक स्टेप करते नजर आ रहे हैं। ये गाना इतना वायरल हो गया है कि इंफ्लुएंसर से लेकर सेलेब्स तक हर कोई इस गाने पर रील बना रहा है। लेकिन जैमी लीवर ने जिस तरह तौबा-तौबा पर सितारों की नकल उतारी है, वो तो लाजवाब है। जैमी लिवर ने एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें उन्होंने बताया है कि करीना कपूर से लेकर फराह खान तक सेलेब्स तौबा तौबा गाने को लेकर कैसे रिएक्ट करेंगे। जैमी लीवर ने करीना कपूर, फराह खान, राखी सावंत, श्रीदेवी, अनन्या पांडे और सोनम कपूर की मिमिक्री की. जैमी का ये वीडियो खूब वायरल हो रहा है। फैंस इस पर कमेंट करते नहीं रुक रहे हैं। जैमी लीवर के इस वीडियो पर एक यूजर ने लिखा, राखी बेस्ट थी. वहीं दूसरे ने लिखा, तुमने धमाल मचा दिया जैमी। एक ने लिखा, मेरी हंसी कंट्रोल नहीं हो रही है।





# भारत पहुंचे प्रियंका-निक बारिश में हुआ स्वागत...

*मुंबई। शुक्रवार 12 जुलाई को अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। शादी की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस बिग फैट वेडिंग में देश-विदेश की कई नामी हस्तियां शामिल होंगी। प्रियंका चोपड़ा भी शादी में शामिल होने मुंबई पहुंच चुकी हैं। प्रियंका अपने पति नोकस जोनस के साथ शादी में शामिल होने आई हैं। उनके भारत पहुंचते ही झमाझम बारिश हुई। कार से उतरते ही प्रियंका ने हाथ जोड़कर सभी का अभिनंदन किया। अनंत-राधिका की शादी का जश्न तीन दिनों तक चलेगा। इसकी शुरुआत 12 जुलाई को 'शुभ विवाह' से होगी। शुक्रवार को शादी संपन्न होने के बाद 13 जुलाई को 'शुभ आशीर्वाद' समारोह आयोजित किया गया है। इसके बाद 14 जुलाई को 'मंगल उत्सव' है। इस समारोह में हिस्सा लेने के लिए प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस भी हाल ही में मुंबई पहुंचे हैं। प्रियंका चोपड़ा और निक एयरपोर्ट से ब्लैक कलर की आलीशान गाड़ी में बैठकर आते नजर आए। इस दौरान दोनों ने पैपराजी और फैंस का अभिनंदन किया। प्रियंका और निक काफी स्टाइलिश लुक में दिखे। हालांकि, बेबी मालती इस दौरान साथ नजर नहीं आईं। बॉलीवुड की लोकप्रिय अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों में काम किया है। बॉलीवुड फिल्मों के साथ-साथ देसी गर्ल ने हॉलीवुड में भी अपना सिक्का जमा लिया है।*

## इन स्टार्स को हो गया था अपनी मौत का आभास

# गोविंदा की मां से संजीव कुमार तक मौत को लेकर की थीं चौंकाने वाली भविष्यवाणी

***मुंबई।** 'थ्रोबैक थर्सडे' में उन फिल्मी हस्तियों के बारे में बता रहे हैं, जिन्होंने अपनी मौत को लेकर होश उड़ाने वाली भविष्यवाणी की थी। कुछ को तो पहले ही अपनी मौत का आभास हो गया। इन स्टार्स के साथ जो हुआ, वो वाकई हैरान कर देगा। मौत एक ऐसी चीज है, जो एक दिन हर किसी को आनी है। जो इस दुनिया में आया है, उसे एक दिन जाना ही होगा। मौत से डर तो सबको लगता है, लेकिन इससे भी ज्यादा डर तब लगता है जब किसी को अपनी मौत का पता हो। जब किसी को आभास हो जाए कि उसकी जिंदगी कितने दिन की मेहमान है। बॉलीवुड में ऐसे कई सितारे रहे, जो अचानक ही इस दुनिया से चल बसे और फैंस को जिंदगी भर का सदमा दे गए। पर कुछ ऐसी हस्तियां भी रहीं, जिन्होंने या तो अपनी मौत की भविष्यवाणी कर दी थी या फिर उन्हें आभास हो गया था कि वो अब इस दुनिया में ज्यादा दिन नहीं रहेंगे। यहां हम आपको 'थ्रोबैक थर्सडे' सीरीज में ऐसे ही स्टार्स के बारे में बता रहे हैं।*

### गोविंदा की मां निर्मला देवी ने अपनी मौत समेत की थीं 3 भविष्यवाणी



गोविंदा ने 'बॉम्बे टाइम्स' को इंटरव्यू में बताया था कि उनकी मां निर्मला देवी प्रेग्नेंसी के दौरान आध्यात्म की ओर मुड़ गई थीं। यही नहीं, वह एकदम सटीक भविष्यवाणी करती थीं। गोविंदा ने बताया था कि जब वह 17 साल के थे तो मां ने तीन भविष्यवाणियां की थीं। एक गोविंदा के स्टारडम की और दो अपनी मौत के साथ-साथ बड़ी बेटी पद्मा की मौत की। मां ने गोविंदा से कहा था कि जब तुम 21 साल के हो जाओगे तो तुम कमाल करोगे। वहीं बड़ी बेटी पद्मा यानी कृष्णा अभिषेक की मां के लिए कहा था कि वह दूसरे बच्चे के जन्म के बाद मर जाएंगी। यही नहीं, गोविंदा की मां ने खुद की मौत की भविष्यवाणी भी गोविंदा से की थी, और वह सकपका गए थे। गोविंदा की मां की मौत उस भविष्यवाणी से ठीक तीन महीने बाद 15 जून 1996 को हो गई। यही तारीख उनकी मां ने बताई थी।

### ऋषि कपूर ने कहा था 'मैं ज्यादा लंबा नहीं जिऊंगा'



ऋषि कपूर का 30 अप्रैल साल 2021 में निधन हो गया था। मौत से दो साल पहले वह कैंसर की गिरफ्त में आ गए थे। हालांकि न्यू यॉर्क में इलाज के बाद ऋषि कपूर ठीक हो गए थे, लेकिन बाद में सांस लेने में तकलीफ के कारण उनका निधन हो गया। ऋषि कपूर के निधन से पूरे देश में सन्नाटा पसर गया था, पर एक्टर ने अपनी मौत की साल 2016 में ही भविष्यवाणी कर दी थी। ऋषि कपूर से जब एक इंटरव्यू में पूछा गया कि 90 साल की उम्र में वह खुद को किस तरह से देखते हैं, तो एक्टर ने कहा था, 'मेरा जिस तरह का लाइफस्टाइल है, उससे लगता है कि मैं ज्यादा लंबा नहीं जिऊंगा। लेकिन लोग बोलते हैं कि अगर जिंदा रहा तो मैं 'कपूर एंड सन्स' में दादू के कैरेक्टर जैसा दिखूंगा। लेकिन मुझे यकीन नहीं है।'

### ओम पुरी को भी हो गया था मौत का आभास



वेटरन एक्टर ओम पुरी ने 23 दिसंबर 2016 को एक इंटरव्यू दिया था, जिसमें उन्होंने अपनी मौत पर बात की थी, और उसके चंद दिन बाद ही 6 जनवरी 2017 में मौत हो गई। इस दुखद इत्तेफाक ने सबको चौंका दिया था। ओम पुरी ने 'आईएएनएस' को दिए इंटरव्यू में कहा था, 'एक एक्टर के रूप में मेरा योगदान मेरे इस दुनिया से चले जाने के बाद दिखाई देगा।

### किशोर कुमार- मजाक में ही सच हो गई मौत की वो भविष्यवाणी



बॉलीवुड के मशहूर एक्टर और सिंगर रहे किशोर कुमार की 13 अक्टूबर 1987 को मौत हो गई थी। बेटे अमित कुमार ने साल 2002 में 'रेडिफ' को इंटरव्यू में बताया था कि पापा को उनकी मौत का आभास हो गया था। जिस दिन उनका निधन हुआ, उस दिन उन्होंने हार्ट अटैक को लेकर मजाक किया और उसी तरह दुनिया से रुखसत हो गए। अमित कुमार ने बताया था, 'उस दिन, उन्होंने सुमित (सौतेला बेटा) को स्विमिंग के लिए जाने से मना कर दिया। वह इस बात से टेंशन में थे कि कनाडा से मेरी फ्लाइट समय पर लैंड करेगी या नहीं।

### ज्योतिषी ने की थी संजीव कुमार की मौत की भविष्यवाणी



संजीव कुमार ने भी अपनी मौत की भविष्यवाणी कर दी थी। 9 जुलाई 1938 को जन्मे संजीव कुमार की 6 नवंबर 1985 को मौत हो गई थी। संजीव कुमार एक ऐसे एक्टर थे, जिन्होंने युवा होते हुए भी उम्रदराज किरदार निभाए। उन्हें ऐसे किरदार निभाने में मजा आता था। एक्ट्रेस तबस्सुम ने अपने शो 'तबस्सुम टॉकीज' में बताया था कि कैसे संजीव कुमार ने अपनी मौत को लेकर एक चौंकानेवाली बात बताई थी, जिसका उम्रदराज किरदारों से कनेक्शन था। तबस्सुम ने संजीव कुमार से पूछा था कि वह उम्रदराज किरदारों को लेकर इतना ऑब्सेस्ड क्यों हैं। तब संजीव ने कहा था, 'तबस्सुन, हाथ देखने वाले एक ज्योतिषी ने भविष्यवाणी की थी कि मैं ज्यादा लंबे समय तक जीवित नहीं रहूंगा। इसलिए मैं उम्रदराज किरदार निभाता हूं, ताकि वो जिंदगी जी सकूं।

## खबर संक्षेप

### 55 छात्राओं को साइकिल योजना का मिला लाभ, सुगम हुई स्कूल की राह



**रायगढ़।** राज्य सरकार बेटियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के साथ ही स्कूलों से उनकी दूरियां मिटाने का कार्य सरस्वती साइकिल योजना के माध्यम से कर रही है। जिससे आज बेटियां शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहीं है। इससे बालिकाओं के शिक्षा में बाधा बनने वाली दूरियां तो दूर हुई है साथ ही बालिकाओं के स्कूल छोडऩे की दर में भी कमी आई है। योजनान्तर्गत शासकीय स्कूलों में कक्षा 9वीं में अध्ययनरत बालिकाओं को सरस्वती साइकिल योजना के माध्यम से निःशुल्क साइकिल वितरण की जाती है। जिसका मुख्य उद्देश्य दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा के साथ ही परिवहन सुविधा उपलब्ध करना है। इसी क्रम में हेमसुंदर गुप्त शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय, महापल्ली में कक्षा 9 वीं के 55 छात्राओं को सरस्वती सायकल योजना के तहत निःशुल्क सायकल वितरण किया गया। प्राचार्य जे सुजाता राव ने कहा कि योजना के माध्यम से बड़ी संख्या में छात्राओं को लाभ मिल रहा है। इससे दूर दराज से स्कूल आने वाली छात्राओं को अब काफी सहूलियत हो रही है। इससे पढ़ाई लिखाई में कोई परेशानी नहीं होगी और छात्राओं के शैक्षणिक विकास में बढ़ोतरी होगी।

### लैलूंगा के कर्मचारी संघ ने सौंपा 10 सूत्रीय आवेदन



**रायगढ।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के आव्हान पर 10 सूत्रीय मांगों के लिए मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लैलुंगा को स्थानीय संघ ने ज्ञापन सौंपा। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के विकास खण्ड अध्यक्ष पीआर भारद्वाज एवं कार्यकारी अध्यक्ष भुषण लाल पटेल, छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी संघ के विकास खण्ड संयोजक एमसी भारद्वाज, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के विकास खण्ड अध्यक्ष पीएन बंजारे, प्रधान पाठक कल्याण संघ के विकास खण्ड अध्यक्ष बीएल बैरागी, पेंशनर कल्याण संघ से अवधराम पटेल एवं ठाकुर छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के विकास खण्ड के उपाध्यक्ष सुमन कुमार साय एवं सलाहकार अरविंद राजपूत, कोषाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद चौहान, नंदकुमार साय करारोपण अधिकारी तथा विकास खण्ड से शिक्षक बालाजी, धीवर, महिला कर्मचारीयों में सलीमा मिंज, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी शिक्षक में पैकरा सुश्री बंजारे आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शहर में बढ़ा आबादी का दबाव, खेती की जमीन पर खड़ी हो गईं इमारतें

# बढ़ी जनसंख्या लेकिन नहीं बढ़े संसाधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जनसंख्या निरंतर बढ़ रही है लेकिन उस अनुपात में संसाधन नहीं बढ़ रहे हैं। जिले की जनसंख्या 6 लाख 56 हजार हो गई है, जबकि 2011 की जनगणना में जिले की जनसंख्या 2 लाख 32 हजार 36 थी। जो हर साल 2.4 फीसदी की दर से बढ़ी है। 13 साल में 4 लाख 24 हजार लोग बढ़ गए, लेकिन उस हिसाब जिले में न तो विकास हुआ, न रोजगार के अवसर बढे। शहरीकरण बढ़ने से आसपास खेती की जमीन भी घटती जा रही है। गांव में खेती की जोत छोटी होती जा रही हैं। इसका असर सीधा लोगों की जिंदगी पर पड़ रहा है।

- वाहनों की भीड़ से सिकुड़ीं सड़कें, बढ़ती बेरोजगारी से युवाओं का पलायन

रोजगार के अवसर बढ़ने के बजाय कम हो गए हैं, जिससे बेरोजगारी बढ़ी है। जनसंख्या के दबाव से शहर की सड़कों पर भीड़ व वाहनों का दबाव बढ़ा है, जिससे सड़कें भी संकरी होती जा रही हैं। 11 जुलाई को विश्व जनख्संया दिवस पर आइए जानते हैं शहर सहित जिले में बढ़ती जनसंया का हमारे जीवन पर क्या असर पड़ रहा है। हर साल 11 जुलाई को बढ़ती जनसंया के प्रति जागरूक करने के लिए विश्व जनसंया दिवस मनाया जाता है। 2035 में 15 लाख हो जाएगी शहर की आबादी तब चाहिए और संसाधन इतने पानी की जरूरत होगी 2035 में शहर की जनसंया 15 लाख होने की संभावना है। आबादी के लिए पानी की प्रतिवर्ष 132.95 मिलियन घनमीटर की जरूरत पड़ेगी। वर्तमान में 95.99 मिलियन घनमीटर पानी है। 2025 में यह मात्रा बढ़कर 170.09 मिलियन घनमीटर हो जाएगी।



#### हर चीज का बंटवारा हुआ

शहर के चारों ओर खेती की जमीन थीए आज वहां बड़ी बिल्डिंग व कॉलोनियां बन गई हैं। जनसंख्या की वजह से हर चीज का बंटवारा हुआ है। लोगों की जरूरत को पूरा करने के लिए पेड़ों की कटाई भी बढ़ी है। जंगल घटे हैं, खेती जमीन में कमी आई है। जो खेत बड़े होते थेए वह छोटे हो गए हैं। प्रदूषण बढ़ने से कृषि का उत्पादन भी घटा है। कृषि पर करीब 75 प्रतिशत आबादी निर्भर है। खेती की जमीन घटती जा रही है और उपभोग के लिए आबादी बढ़ रही है। इससे महंगाई बढ़ती जा रही है। आने वाले समय में चुनौतियां और बढ़ेंगी। जिस गति से जनसंख्या बढ़ रही हैए उस हिसाब से खेती में बड़ी चुनौतियां आने वाली हैं। जन संया के हिसाब से उत्पादन नहीं होने से महंगाई बढ़ेगी।

#### शहर ज्यादा प्रभावित क्योंकि पलायन इसी ओर तेजी से बढ़ा

जनसंखृया वृद्धि से शहर सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग शहर की ओर पलायन कर रहे हैं। हर साल गांव से शहर आने वालों की संख्या बढ़ रही है। इससे शहर के संसाधनों पर दबाव बढ़ा है। सड़कों पर अतिक्रमण बढ़ा है।

#### वाहनों के लिए पार्किंग बढ़ानी होगी

शहर में पार्किंग के लिए जगह नहीं बची है वाहनों की संख्या बढ़ती जा रही है। दो पहिया की तुलना में कारों की संख्या अधिक बढ़ रही है।

#### सड़कों का चौड़ीकरण करना होगा

सड़कों का चौड़ीकरण नहीं है। संकरी सड़कों पर वाहनों का दबाव है। इससे जाम की समस्या से जूझ रहे हैं। यह आगे बढ़ने वाली है।

#### बिजली नेटवर्क और बढ़ाना होगा

2011 की आबादी के हिसाब से बिजली नेटवर्क तैयार किया गया था। जब उपभोक्ता 1 लाख 89 हजार थेए लेकिन आज बढ़कर तीन लाख के करीब पहुंच रहे हैं। बिजली समस्या से लोग जूझने लगे हैं।

#### सीवर नेटवर्क का पर्याप्त इंतजाम करना होगा

सीवर नेटवर्क भी पर्याप्त नहीं है। बारिश का पानी इसमें नहीं समाता है। सड़कों पर उफनने लगता है।



### सड़क दुर्घटना में महिला की मौत आक्रोशित लोगों ने किया प्रदर्शन

**रायगढ।** गुरुवार को घरघोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत दो सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला की मौत और एक युवक की घायल होने की जानकारी सामने आई। पहली घटना धरमजयगढ़ रोड के टेरम से सामने आई जहां एक वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार महिला की मौके पर मौत हो गई। घटना इतनी भयानक थी की महिला का शव सड़क पर बिखर गया। इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने शव को सड़क पर रख प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। स्थिति इतनी बिगड़ गई की पुलिस के लिए भी जनआक्रोश को दबाना मुश्किल प्रतीत हो रहा था। किसी तरह लोगों का गुस्सा शांत कराया गया।

इसी प्रकार दूसरी घटना में घरघोड़ा थाना क्षेत्र के एनटीपीसी तिलाईपाली खनन क्षेत्र के ग्राम रायकेरा के पास सीजी 13 बीए 2146 ने प्रभावित क्षेत्र के दीपक सिदार चोटिगुडा को बड़ी बुरी तरह टक्कर मारी, ठोकर इतनी जबरदस्त थी की कार का नंबर प्लेट टूट गया गाडी की सामने कांच टूट गया इससे अंदाजा लगाया जा सकता है की कार की रफ्तार क्या होगी। ग्रामीणों के बताये अनुसार युवक दीपक सिदार की स्थिति गंभीर बताई जा रही है उपचार के लिए घरघोड़ा हॉस्पिटल ले जाया गया था, घायल की नाजुक स्थिति को देखते हुए उचित उपचार के लिए जिला अस्पताल रिफर किया गया है। ग्रामीणों के बताए अनुसार घटना करीत 4चक्के गाडी मे, एनटीपीसी के अधिकारी कर्मचारी बैठे हुए थे और किराए में चलती है ।

- वाहन की ठोकर से बाइक सवार घायल

### समूह की महिलाओं ने मणिकंचन केंद्र परिसर में मां के नाम किया पौधरोपण



**रायगढ़।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गुरुवार को आशीर्वादपुरम कॉलोनी स्थित एसएलआरएम सेंटर परिसर में शहर की स्व सहायता समूह की महिलाएंए सेंटर सुपरवाइजर एवं स्वच्छता दीदियों द्वारा पौधे लगाए गए। इस दौरान निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने सभी महिलाओं से पेड़ों की सुरक्षा बच्चों की तरह करने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने सबसे पहले अभियान के बारे में सभी महिलाओं को जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्तमान में बहुत ज्यादा गर्मीए मौसम तेजी से बदलाव सिर्फ पेड़ नहीं होने कारण हो रहा हैए इसलिए हमें पेड़ तो लगाने हैं और इसकी देखभाल भी बड़े होने तक करना होगा, तभी सभी पौधे सुरक्षित रहेगा हमारा अभियान सफल होगा। इस दौरान उन्होंने सभी महिलाओं से पौधों की देखभाल करने, समय पर पानी देने और हरा भरा रखने का आग्रह किया। निगम कार्यपालन अभियंता अमरेश लोहिया ने सभी महिलाओं को फलदार पौधे लगाने के लिए भी निःशुल्क पौधे उपलब्ध कराने की बात कही। पौधरोपण कार्यक्रम में निगम एनयूएलएम के अधिकारीए कर्मचारी मां शेरावाली स्व सहायता समूह से श्रीमती पूनम गिरीए श्रीमती जयमती भगत, श्रीमती पूनम सोनवानी, मां लक्ष्मी स्व सहायता समूह से श्रीमती कस्तूरी मेहर, श्रीमती नेहा पटेल, श्रीमती पूनम सोनवानी, श्रीमती दुलारी सिंह, श्रीमती कविता झा, श्रीमती रानी झा, श्रीमती सविता राऊत एसएलआरएम सेंटर सुपरवाइजर एवं महिलाएं उपस्थित थे।

### राबो आमापाली में कृषि सखियां कर रही कृषि के प्रति जागरुक



**तमनार।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन विहान के तहत रायगढ़ जिले के आदिवासी बाहुल्य विकास खण्ड तमनार के ग्राम पंचायत राबो आमापाली में कृषि सखियां द्वारा लोगों को कृषि के बारे में बीजा अमृत, जीवा अमृत, अग्नि अस्व, घनजीवा अमृत आदि की जानकारी लोगों को दी गई। ब्लॉक मिशन कार्यकारी मदनलाल साहू द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत कृषि सखियां द्वारा कृषि के बारे में जानकारी दी गई। धनजीवा, अमृत जीवा अमृत अग्निअस्त्र के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया गया। ग्राम पंचायत में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बीज छंटाई और बीज उपचार पर जागरूकता पैदा की जा रही है ताकि किसान अच्छी किस्म के बीज बोए और अपनी आजीविका बढ़ाए। महिला किसान को बीज छंटाई और बीज उपचार के बारे में भी जागरूक कर रही है किसान अपनी फसलों में किसी भी रसायनिक दवाइयां न डाल कर अपने घरेलू नुस्के अपनाए। ताकि सभी महिला किसान अच्छी किस्म के बीज लगाए और अपनी आजीविका को बढ़ावा दे।

### शहर सीमा में गजदल की चहल कदमी से बढ़ी वन विभाग की बेचैनी



**रायगढ़।** शहर से लगे हुए रामपुर पहाड़ी में दो गजराजों की आमद से इस क्षेत्र में अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई थी। गजराजों ने यहां किसी प्रकार की कोई नुकसान किए पहाड़ के उपर में चले गए थे जो कि शाम को पहाड़ से नीचे उतरकर रात भर आमापाल क्षेत्र में रहे और सुबह पंडरीपानी पहाड़ी से होते हुए शहर से लगे हुए गांवों से होते हुए ओडिसा के जंगल में प्रवेश कर लिया है।

वन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार की सुबह शहर से सटे रामपुर पहाड़ में आने वाले दोनों हाथी रात भर आमापाल क्षेत्र में विचरण करने के बाद बुधवार की सुबह लामीदरहा, इंदिरा विहार, पंडरीपानी, जुर्डा होते हुए ओडिसा की तरफ चले गए हैं। शहरी क्षेत्र में एक दिन तक दो हाथियों की मौजदूगी के मद्देनजर जिला मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों दहशत का माहौल रहा। विदित रहे कि पिछले सप्ताह भर से बंगुरसिया जुनवानी क्षेत्र में हाथियों के द्वारा जिस प्रकार ग्रामीणों के फसलों व मकानों को क्षति पहुंचाया जा रहा था और उसके बाद शहर में दो हाथियों की मौजदूगी से जहां लोगों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया था वहीं वन विभाग की टीम भी हाथियों के हर मूवमेंट पर नजर रखी जा रही थी ताकि हाथियों के द्वारा शहरी क्षेत्र में किसी प्रकार नुकसान या फिर जनहानि की घटना घटित न हो।

## पेज 1 का शेष

### रथयात्रा में रथनाचा ...

कार्यक्रम संचालक श्री देवराज सिंह, अनिल यादव,परमेश्वर सिंह, बलि राम पैंकरा, श्याम सुंदर पैंकरा,गिरधारी पैंकरा, सुनील पैंकरा एवं अन्य कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।साथ में गांव के वनरक्षक योगेश पैंकरा के तरफ से समस्त रथ पार्टी को पौधा वितरण कर सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में क्षेत्रवासी भारी संख्या में आनन्द उठाने के लिए मौजूद रहे। प्रतियोगिता में शामिल समस्त रथनाचा पार्टी को समिति की ओर से सांत्वना पुरस्कार वितरित किया गया.पूरे कार्यक्रम का संचालन पवन कुलदीप के द्वारा किया गया।

### जीवन झरना विकास ...

भी जानकारी दिया गया। उपस्थित महिलाओं ने सभी विभाग से मिलने की खुशी ब्यक्त किये और उन्हें धन्यवाद करते हुए कहा की हम ग्राम स्तर में जाकर अपने गांव बैठक या पंचायत बैठक में जा कर जो जानकारी मिला है उसको लोगों को बताएंगे और लाभ लेने के लिए प्रेरित करेंगे ।

### एक पेड़ मां के ...

पर्यावरण संरक्षण विषय पर अपना वक्तव्य दिया एवं उपस्थित लोगों स्कूली बच्चों एवं आमजनों से अपील की,कि सभी अधिक से अधिक पौध रोपण करें। कार्यक्रम में विधायक श्रीमती रायमुनी भगत, पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह, एसडीओपी बगीचा श्रीमती निमिषा पाण्डेय, थाना प्रभारी बगीचा निरीक्षक अमित तिवारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि मुकेश शर्मा, सुभाष गोयल, शंकर गुप्ता, कृपाशंकर भगत, श्रीमती रजनी प्रधान एवं वरिष्ठ नागरिक एन.के. सिंह द्वारा पौधारोपण किया गया। जिला मुख्यालय स्थित एनईएस ग्राउंड एवं अन्य जगहों में लगभग 375 पौधे रोपित किए गये है। जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जशपुर अनिल सोनी, एसडीओपी जशपुर चंद्रशेखर परमा, अमरजीत खूंटे, थाना प्रभारी जशपुर निरीक्षक रविशंकर तिवारी एवं अन्य अधिकरी, कर्मचारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। पत्थलगांव क्षेत्र में एसडीओपी पत्थलगांव ध्रुवेश कुमार जायसवाल के नेतृत्व में वृहद वृक्षारोपड़ किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक एवं स्कूली छात्र उपस्थित रहे। इसी तरह थाना सन्ना के एकलव्य विद्यालय एवं अन्य क्षेत्र में स्कूली बच्चों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित कर लगभग 250 पौधों का रोपड़ किया गया। कुनकुरी द्वारा 250, कांसाबेल-200 एवं अन्य थाना व चौकी द्वारा भी हजारों की संख्या में पौधा रोपण किया गया। उक्त कार्यक्रम में संबंधित क्षेत्र के स्कूल, कालेज के विधार्थी, शिक्षक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी अधिकरी, कर्मचारियों से पौधों को संरक्षित करने हेतु कहा गया है। इस वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में वन मंडलाधिकारी अधिकारी जितेंद्र उपाध्याय का विशेष योगदान रहा है।

### मुक्ति धाम व कब्रिस्तान...

सम्मत दास, नीरज गुप्ता, समीम अली, शाहीद हुसैन, जोलसन खलखो, मरियानुस कुजूर, दिलीप जयसवाल, लोदाम ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती देवकी प्रधान तथा सचिव लक्ष्मण सिंह ने मिलकर तय किया कि मुक्तिधाम में छायादार पौधे लगाकर पर्यावरण को सुरक्षित रखा जाए। बारिश के मौसम इस कार्य के लिए सर्वोत्तम है क्यों न एक पौधा लगाया जाए। ईसाई समाज के लोग खुद पौधा लगाने के लिए प्रेरित हुए।

### हाईस्कूल व चौकी ...

में जिस तेजी से गर्मियां तेजी से बढ़ रही है.उसका एक मात्र पेड़ लगाकर ही रोका जा सकता हैं। हाईस्कूल के प्राचार्य फिलमोन एक्का ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिये सबकी सहभागिता जरूरी है.हर व्यक्ति पौधा जरूर लगाये उसकी देखभाल भी अच्छी तरह से करे। उन्होंने कहा कि हरियाली धरती का श्रृंगार हैं। इस श्रृंगार को बचाने की सबकी जिम्मेदारी है.धरा को हरा भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिए सबको पौधरोपण का संकल्प लेते हुए एक पेड़ जरूर लगाना चाहिये। हाईस्कूल में पौधारोपण के बाद चौकी प्रभारी राकेश सिंह ने अपने स्टॉप के साथ चौकी परिसर में विभिन्न प्रकार के फलदार और छायादार पौधे लगाये।

### एकलव्य आदर्श ...

द्वारा अपने उदबोधन में सभी बच्चों को वृक्षारोपण के बारे में जागरुक किया गया एवं इसकी देखभाल के बारे में बताया गया। संस्था प्रमुख अनित कुमार चटर्जी के द्वारा बच्चों को इस अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई तथा बच्चों के द्वारा अपने माँ के नाम का वृक्ष लगाया गया एवं उनके देखभाल का संकल्प लिया गया।

### छात्र संघ ने की प्राध्यापक को प्रभार मुक्त करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



अभाविप डिग्री कॉलेज के द्वारा छात्र संघ प्रभारी प्रोफेसर मनोरमा पांडेय को तत्काल प्रभाव से पद मुक्त करने अभाविप द्वारा ज्ञापन सौंपा गया है साथ मांग की गई है कि उनके द्वारा किए गए सभी कार्य व कार्यक्रमो की जांच की जाए।

छात्र संघ प्रभारी का पद निष्पक्ष होना चाहिए जिससे कि कॉलेज परिसर में कार्य कर रहे सक्रिय छात्र संगठन को किसी भी प्रकार की समस्या न हो पर प्रोफेसर मनोरम पांडेय के द्वारा हर कार्यक्रम में अभाविप के साथ भेद भाव किया जाता रहा है वर्ष 2023 में हुए वार्षिक स्नेह सम्मेलन में छात्रों के बीच प्रभारी के द्वारा पक्षपात किया गया था वहीं 2024 के वार्षिक स्नेह सम्मेलन में भी पुरस्कार वितरण के समय एक कमरे के अंदर छात्रों को पुरस्कार दिया गया जिसकी सूचना अभाविप के सक्रिय कार्यकर्ता जो उस कॉलेज के रेगुलर स्टूडेंट है उन्हें तक नहीं दी गयी जिसका विरोध करने पर प्रभारी के द्वारा उन्हें गैर जिम्मेदाराना जवाब दिया अभाविप द्वारा पहले भी प्रचार्य को प्रभारी के इस रवैये से अवगत कराया गया था पर अब तक इसपे कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है इसलिए आज अभाविप द्वारा प्रभारी मनोरमा पांडेय को तत्काल प्रभाव से पद मुक्त करने और उनके द्वारा किए गए कार्यो की जांच करने अभाविप ने ज्ञापन सौंपा है साथ ही दो दिवस का अल्टीमेटम दिया गया।

### फार्मेसी के छात्र की बाइक चोरी

**रायगढ।** फार्मेसी के छात्र की घर के सामने खड़ी बाईक को रात के सूनेपन का फायदा उठाते हुए किसी ने पार कर दिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर उसकी पतासाजी प्रारंभ कर दी है। उक्त चोरी की वारदात चक्रधर नगर थाना क्षेत्र की है।

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक टिकेश यादव छोटे अतरमुड़ा में किराये के मकान में रह कर बी फार्मेसी की पढ़ाई कर रहा है। टिकेश अपनी स्मार्ट हीरो बाईक क्रमांक सीजी 13 डब्ल्यू 4286 से शाम को कालेज से आने के बाद सब्जी लेने बाजार गया था। वहीं सब्जी लेकर वापस आने के बाद हमेशा की तरह घर के सामने बाईक खड़ी कर सोने चला गया। सुबह उठ कर देखा तो उसकी मोटरसायकिल नदारद थी। आस पास खोजबीन करने के बाद भी कहीं पता नहीं चलने पर उसने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

### साइबर ठगी के अंतर्राज्यीय गिरोह से जुड़े तीन सदस्य गिरफ्तार

**सरसींवा।** सरसींवा पुलिस ने आनलाइन ठगी करने वाले साइबर ठगी के अंतर्राज्यीय गिरोह से जुड़े तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक प्रार्थी पुनेश्वर प्रसाद साहू द्वारा लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि घटना 06 जुलाई के 11.46 बजे प्रार्थी के मोबाईल नम्बर 9617665687 में अज्ञात मोबाईल नम्बर 83918-74076, 94761 -62498 का धारक ऑनलाईन व्हाट्अप कालिंग कर स्कीन ब्रांडकास्ट के माध्यम प्रार्थी के क्रेडिट कार्ड एवं बैंक एकाण्ट से नगदी रकम 4,88,896.80, चार लाख अठासी हजार आठ सौ छियानबे रूपए अस्सी पैसा ट्रांसफर कर धोखाधड़ी कर लिया है कि रिपोर्ट पर धारा 318(4) भारती न्याय संहिता पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। कायमी पश्चात वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने पर मामले की गंभीरता को देखते हुए पुष्कर शर्मा पुलिस अधीक्षक कमलेश्वर प्रसाद चंदेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सारंगढ के द्वारा आरोपियो की पता तलाश हेतु टीम गठित कर विवेचना करने हेतु ठीम गठित किया गया जिसके तारतम्य में एसडीओपी बिलाईगढ विजय ठाकुर के मार्गदर्शन में विवेचना एवं आरोपियो की पतासाजी की गई।



### जैविक कृषि को बढ़ावा देने कृषि मित्रों के माध्यम से हो रहा बीजोपचार

**रायगढ़।** राज्य शासन के निर्देशानुसार बिहान योजना के तहत किसानों को हित में बीजोपचार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य कृषकों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराना है। जिससे किसानों के कृषि उत्पादन में वृद्धि होने के साथ ही आर्थिक विकास हो सके। जिले के जनपद पंचायत खरसिया अंतर्गत 20 कृषि मित्र द्वारा ग्रामीणों को उन्नत कृषि के उपाय अपनाने एवं उपचारित बीजों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। बिहान अंतर्गत सामुदायिक आधारित संवहनी कृषि कार्यक्रम के अंतर्गत महिला किसान के घर में बीज उपचार किया जा रहा है।

टॉप इन जशपुर

ADMISSION GUIDENS 2024-25

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 01 | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 02 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 03 | BPT (बेचलर ऑफ फिजीयो थैरेपी) | 4 Year | 12th Bio |
| 04 | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 05 | D. PHARMA | 2 Year | 12thBio&Maths |

Gurukripa paramedical college Nehru Chowk Bilaspur Mo.7000421146

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड, काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444